प्रेस नोट

थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा लूट व चोरी करने वाले गैंग के 04 शातिर चोरों को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद पीलीभीत श्री अविनाश पाण्डेय के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम दहिया व क्षेत्राधिकारी सदर श्री प्रतीक दहिया के मार्ग दर्शन में अपराधियों के विरूद्ध चोरी एवं लूट की घटनाओं को रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 19.03.2024 को सर्विलांस व एसओजी टीम पीलीभीत के सहयोग से थाना जहानाबाद पुलिस टीम द्वारा लूट एवं चोरी करने वाले 04 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी किया हुआ बिजली तार, 03 चार पहिया वाहन, अवैध अस्लाह एवं 20500 रूपये बरामद किए गया है। अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग दिन में बोलेरो गाड़ी से जगह-जगह रेकी करके बिजली का तार व अन्य सामान देख लेते है और फिर रात में अपने बोलेरो व पिक अप गाड़िया लेकर चोरी को अंजाम देते हैं और उसको आगे बेच देते हैं। दिनांक 13.03.2024 को वादी श्री बालमुकुन्द पुत्र महेन्द्र प्रताप नि0 सिल्थम थाना रामपुर बरकोनिया जिला सोनभद्र की तहरीर बावत किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बिजली लाईन के तार (1 डग कन्डेक्टर ड्रिम) चोरीकर लेने के सम्बन्ध में दी थी। तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 86/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमा में माल मुकदमाती की बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु थाना जहानाबाद पुलिस टीम द्वारा चैकिंग/दबिश दी जा रही थी। रात्रि चैंकिंग व गस्त के दौरान पुलिस टीम थाना जहानाबाद द्वारा 04 नफर अभियुक्त को विलई तिराहे थाना जहानाबाद मजार के पास आम के बाग से दि0 13.03.2024 को चोरी हुआ एलमुनियम का विजली का तार सहित 19.03.2024 को समय करीब 22.00 बजे हिरासत पुलिस लिया गया है। अभियुक्तगण से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा थाना न्यूरिया से भी विजली तार चोरी करने की बात बताई गई है। जिसके सम्बन्ध में थाना न्यूरिया पर मु0अ0सं0 103/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

1. मोहम्मह अफसर पुत्र बाबर हुसैन निवासी मोहल्ला अब्बासनगर लोधीपुर थाना बहेड़ी जनपद बरेली
2. मोहम्मद जुनैद पुत्र मसीद निवासी सिटी डांडी थाना बहेड़ी जनपद बरेली
3. सोहिल पुत्र बब्लू निवासी मो0 किला छावनी थाना प्रेमनगर जनपद बरेली
4. कमल पुत्र छोटेलाल निवासी मोहल्ला तराईबिहार थाना कोतवाली रुद्रपुर जनपद ऊधमसिंहनगर उत्तराखण्ड

आपराधिक इतिहास अभियुक्त मो0 अफसर पुत्र बाबर उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 636/2021 धारा 379/411 थाना बहेड़ी जिला बरेली
2. मु0अ0सं0 384/2023 धारा 323/324/504 थाना बहेड़ी जिला बरेली
3. मु0अ0सं0 706/2022 धारा 323/504/506 थाना बहेड़ी जिला बरेली
4. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 379/411 भादवि थाना न्यूरिया पीलीभीत
5. मु0अ0सं0 86/2024 धारा 379/411 भादवि व 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जहानाबाद पीलीभीत

आपराधिक इतिहास अभियुक्त मो0 जुनैद पुत्र मसीत उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 379/411 भादवि थाना न्यूरिया पीलीभीत
2. मु0अ0सं0 86/2024 धारा 379/411 भादवि व 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जहानाबाद पीलीभीत

<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त सोहिल पुत्र बब्लू उपरोक्त -</u>

1. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 379/411 भादवि थाना न्यूरिया पीलीभीत
2. मु0अ0सं0 86/2024 धारा 379/411 भादवि व 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जहानाबाद पीलीभीत

<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त कमल पुत्र छोटेलाल उपरोक्त-</u>

1. मु0अ0सं0 103/2024 धारा 379/411 भादवि थाना न्यूरिया पीलीभीत
2. मु0अ0सं0 86/2024 धारा 379/411 भादवि व 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जहानाबाद पीलीभीत

<u>माल बरामदगी-</u>

1. एक बुलैरो गाड़ी संख्या UA 06G 7425
2. एक पिकअप सफेद संख्या UP 06 CB 4112
3. एक पिकअप सफेद व लाल संख्या UP 22 T 8336
4. एक अदद तमंचा देशी 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर
5. एक अदद तमंचा देशी 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर
6. एक अदद चाकू व एक अदद छुरी नाजायज
7. बिजली का एल्युमीनियम का तार लगभग चार कुन्तल
8. चार अदद मोबाईल
9. 20500/- रूपये

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>

(1)	प्रभारी निरीक्षक मुकेश शुक्ला	उ0नि0 श्री सुनील कुमार शर्मा प्रभारी सर्विलांस जनपद पीलीभीत
(2)	उ0नि0 श्री जयदेव सिंह	निरीक्षक श्री के.वी. सिंह एस0ओ0जी0 जनपद पीलीभीत
(3)	उ0नि0 श्री विषेश सिंह	उ0नि0 श्री हरीश चन्द्र शर्मा एस0ओ0जी0 जनपद पीलीभीत
(4)	हे0का0 450 राजेश कुमार	हे0का0 मनोज सिंह महर सर्विलांस जनपद पीलीभीत
(5)	का0 1458 मनोज कुमार	का 1387 अजय चौधरी एस0ओ0जी0 जनपद पीलीभीत
(6)	का0 1441 शिवम वालियान	का0 चालक जगदीप सिंह एस0ओ0जी0 पीलीभीत मय टीम
(7)	का0 1305 सोनू नागर	
(8)	का0 648 हरिओम	